6565(E)
16/9/2026

पथ निर्माण विभाग

दिनांक 14-09-2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमण्डल, शिवहर अन्तर्गत Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Works OPRMC-III under Package No.-07A/Sheohar कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) रिक्त, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री संजय कुमार भारती, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–27.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2626 दिनांक–28.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2761(अनु०) दिनांक–08.09.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–08.09.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या	:	Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Works OPRMC-III under Package No.-26A/Sheohar
2.2	योजना मद	:	3054
2.3	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:	पथ प्रमण्डल, शिवहर।
2.4	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹4612.14 लाख। विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026
2.5	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹4448.40 लाख। मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1583(अनु०) दिनांक–22.05.2026
2.6	ECV/परिमाण विपत्र की राशि	:	₹3380.79892 लाख।
2.7	कार्य समाप्ति की अवधि	:	84 (Eighty-four) Months.
2.8	निविदा की प्रक्रिया	:	ई–टेंडरिंग (MBD)
2.9	निविदा प्राप्ति की तिथि	:	24.07.2026
2.10	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण	:	पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकल निविदाकार द्वारा भाग लेने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163 के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित किय ागया।

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 09 (नौ) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s R.S. Construction Pvt. Ltd.
(2) Chanakya Technos Private Limited
(3) Saj Infracon Projects India Limited
(4) M/s Rajendra Singh and Brothers
(5) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd.

4. उपभागीय ज्ञापांक–2626 दिनांक–28.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–27.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त पुनर्निविदा में सभी पाँच निविदाकार यथा (i) M/s R.S Construction Pvt. Ltd को MBD के ITB Clause -17 एवं NIT के क्रमांक–18 (ii) Chanakya Technos Private Limited को MBD के Section 3 Clause 1.2.3 एवं MBD के Section 3 Clause 1.2.3 Section 4E.9 तथा NIT के क्रमांक–39 (iii) Saj Infracon Project India Limited द्वारा MBD के ITB Clause -17 तथा NIT के क्रमांक–18 एवं MBD के ITB Section 3 : Clause 2.6 (iv) M/s Rajendra Singh and Brothers द्वारा MBD के ITB Clause -17 एवं NIT के क्रमांक–18 तथा (v) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. द्वारा MBD के ITB Section 3 : Clause 2.6 के आलोक तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

साथ ही पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सभी निविदाकार के असफल होने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम– 163 के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया, बशर्त्ते विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355 (S) दिनांक– 28.10.2021 के आलोक में निर्धारित अवधि (दो कार्य दिवस) में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही अग्रतर कार्रवाई हेतु निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–2626 दिनांक–28.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–27.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल असफल निविदाकार **(i)** Chanakya Technos Pvt. Ltd. के पत्रांक–CTPL/2026-27/RCD/78, दिनांक–03.09.2026 एवं **(ii)** Saj Infracon Project India Limited के पत्रांक–शून्य, दिनांक–03.09.2026 के द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2761(अनु०) दिनांक–08.09.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–08.09.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **(i)** Chanakya Technos Pvt. Ltd. के पत्रांक–CTPL/2026-27/RCD/78, दिनांक– 03.09.2026 एवं **(ii)** Saj Infracon Project India Limited के पत्रांक–शून्य, दिनांक– 03.09.2026 के द्वारा आपत्ति प्राप्त हुआ है।

परिवाद की समीक्षा :–

	परिवाद / आपत्ति	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय / अनुशंसा	परिवाद समिति की अनुशंसा
1.	**Chanakya Technos Pvt. Ltd. द्वारा दिये गये आपत्ति :–** उपरोक्त सन्दर्भ में श्रीमान से अनुरोध पूर्वक कहना है की उपर्युक्त संदर्भित निविदा में मेरे द्वारा भाग लिया गया है। निविदा की तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा MBD के Section 3, Clause 1.2.3 Section 4E- 10 एवं NIT के क्रमांक–39 के आलोक में मेरे द्वारा Uploaded existing commitment of ongoing work के लिए सूचीबद्ध 11 कार्यों में से तीन कार्यों का संबंधित engineer in charge द्वारा निर्गत हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र निविदा के साथ अपलोड नहीं होने के कारण मेरे बीड कैपेसिटी की गणना नहीं की गई है और हमें अयोग्य घोषित कर दिया गया है जिस पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। इस सम्बन्ध में श्रीमान को सादर सूचित करना चाहते है की मेरे द्वारा भूलवश तीन कार्यों का संबंधित engineer in charge द्वारा निर्गत हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र निविदा के साथ उपलोड नहीं हो पाया और हमलोगों के द्वारा विभाग द्वारा अनुबन्धित टोटल अमाउंट दिखाया गया है जिससे मेरे बीड कैपेसिटी पर कोई भी प्रभाव नहीं पर सकता है अर्थात बीड कैनपेसिटी कम नहीं हो सकता है। अतः श्रीमान से निवेदन है की उपरोक्त निविदा पैर सहानुभूतिपूर्वक पुनर्विचार करते हुए निविदा निष्पादन की	निविदाकार Chanakya Technos Pvt. Ltd. द्वारा MBD के Section 3 Clause 1.2.3 Section 4E.9 तथा NIT के क्रमांक–39 के आलोक में Uploaded Existing Commitment की सूची के क्रमांक– 05, 08 एवं 09 पर अंकित कार्य से संबंधित Engineer-in-Charge द्वारा निर्गत / हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र Upload नहीं किया गया है। इनके द्वारा स्वीकार किया गया है कि उक्त तीन कार्य से संबंधित प्रमाण–पत्र भूलवश Upload नहीं किया गया है। अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य किया जा सकता है।	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत।

	तकनिकी बीड पुनर्मूल्यांकन कर निविदा में मुझे योग्य घोषित करने की कृपा किया जाय।		
2.	**Saj Infracon Project India Limited द्वारा दिये गये आपत्ति :–** उपरोक्त के संदर्भ में, हम दिनांक 02.09.2026 को दोपहर 12.54 PM बजे ईमेल आईडी cercdnb@gmail.com से प्राप्त ईमेल की सधन्यवाद पुष्टि करते हैं। हम, SAJ INFRACON PROJECT INDIA LIMITED, टेक्निकल बिड इवैल्यूएशन कमिटी के सामने यह आपत्ति याचिका आदरपूर्वक पेश करते हैं, जिसमें ऊपर बताए गए टेंडर के संबंध में किए गए टेक्निकल इवैल्यूएशन के री–वेरिफिकेशन की मांग की गई है। दिनांक– 27.08.2026 की तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति की कार्यवाही के अनुसार कुल 05 (पाँच) निविदादाताओं ने निविदा में भाग लिया, अर्थात्: 1. M/S R.S Construction Pvt. Ltd. 2. Chanakya Private Limited 3. Saj Infracon Project India Limited 4. M/s Rajendra Singh and Brothers 5. MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. हम आदरपूर्वक यह बताते हैं कि (A) – 1. निविदा की शर्तों के अनुसार हमने Bank Guarantee Number 253BG01262030001 Dt. 22-JUL-2026 जो कि Rs. 43,81,000/– रूपया का है, Eproc2 पोर्टल पे अपलोड किया गया था। 2. BG अपलोड करने के उपरांत, Bank Guarantee Message दो पेज का जेनेरेट हुआ जिसके Confirmation की सूचना Bank Guarantee Number 253BG01262030001 Dt. 22-JUL-2026 के पृष्ठ संख्या दो पे वर्णन के अनुसार Structured Financial Messaging System द्वारा Beneficiciary, THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, SHEOHAR, BIHAR को दिनांक– 22-Jul-2026 19:27:45 बजे उनके Beneficiary Bank, STATE BANK	निविदाकार द्वारा BG से संबंधित SFMS निविदा में Upload नहीं किया गया है, जबकि संबंधित साक्ष्य परिवाद के साथ संलग्न किया गया है। साक्ष्य निविदा में Upload होने पर BG को मान्य किया जा सकता था। अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य किया जा सकता है।	Saj Infracon Project India Limited द्वारा निविदा के शर्त्तो के अनुरूप Unconditional Bank Gauaratee निविदा के साथ संलग्न किया गया है। परिवाद का यह बिन्दु मान्य है।

	OF INDIA के IFSC CODE SBIN0004447 को संचारित हुई, मगर उपरोक्त संबंधित अधिकारी ने इस प्राप्त सूचना को डाउनलोड नहीं किया जो की उपरोक्त अधिकारी की भूल थी। 3. जैसा कि Bank Guarantee Number 253BG01262030001 Dt. 22-JUL-2026 के पृष्ठ संख्या दो पे वर्णित है, जिसमें Beneficiary, कार्यपालक अभियंता रोड डिवीजन, शिवहर के लेटर नं0–445 दिनांक–27-JUL-2026 के द्वारा YES Bank के BG Confirmation मांगा गया। (संलग्न पृष्ठ संख्या–10)। 4. उपरोक्त Confirmation, YES BANK ने 29-JUL-2026 को अपने लेटर हेड के माध्यम से ईमेल आइडी exencrdsheohar01@gmail.com पर दिया। (संलग्न पृष्ठ संख्या 11–12)। उपर्युक्त के मद्देनजर, सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करते हैं कि ये कहना न्यायोचित नहीं होगा कि SAJ INFRACON PROJECT INDIA LIMITED ने SFMS संबंधित साक्ष्य निविदा के साथ उपलोड नहीं किया क्योंकि SFMS संबंधित साक्ष्य, Uploaded Bank Guarantee Number 253BG01262030001 Dt. 22-JUL-2026 के पृष्ठ संख्या दो पे वर्णन के अनुसार उपरोक्त संबंधित कार्यपालक अभियंता, शिवहर को डाउनलोड करना था जो की 22-JUL-2026 19:27:45 बजे संचारित हुआ था एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता, शिवहर द्वारा YES Bank के BG Confirmation के लिए समर्पित ईमेल आइडी yesbgconfirmation@yes. bank.in से निर्गत किया हुआ BG Confirmation लिया जाना था जो दिनांक 29-JUL-2026 को लिया जा चुका है। अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर हम आपसे आग्रह करते हैं कि SAJ INFRACON PROJECT INDIA LIMITED को तकनीकी रूप से सफल घोषित किया जाए।		
	(B) हम आदरपूर्वक कहना चाहते हैं कि SAJ INFRACON PROJECT INDIA LIMITED ने HOT Mix Plant से संबंधित दस्तावेज निविदा के साथ अपलोड किया था। यहाँ पुनः हम Hot Mix Plant से संबंधित दस्तावेज संलग्न कर रहे हैं जो ग्राम– मिसरौलिया,	MBD के Section- 3: Clause 2.6 के आलोक में "At least one Hot Mix Plant (40-60 tonne/hour capacity) not more than 15 years age" का Ownership/Tax Invoice Certificate अथवा स्वयं का स्वामित्व से	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत।

	थाना+अंचल– बोचहां, जिला– मुजफ्फरपुर में 312.62 डि0मी0 के क्षेत्रफल की खरीदी हुई भूमि पर अवस्थित है, जो निविदा की शर्तों के अनुसार है। (संलग्न पृष्ठ संख्या 13–15)। उपरोक्त बिंदु दस्तावेजी सत्यापन की आवश्यकता वाले मामलों के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं। उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि SAJ INFRACON PROJECT INDIA LIMITED को तकनीकी मूल्यांकन में सफल घोषित किया जाए।	संबंधित अभिलेख निविदा में Upload नहीं किया गया है। इनके द्वारा Affidavit के Sl. No.-13 में अंकित किया गया है कि Hot Mix Plant Rajeev Kumar से भाड़े पर लेकर कार्य पूर्ण करूँगा। Hot Mix Plant से संबंधित एक अन्य Tax Invoice भी अन्य संवेदक Ramjee Singh Construction Pvt. Ltd. का Upload किया गया है। अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य किया जा सकता है।	

7. **<u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–</u>**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **(i)** Chanakya Technos Pvt. Ltd. के पत्रांक– CTPL/2026-27/RCD/78, दिनांक– 03.09.2026 एवं **(ii)** Saj Infracon Project India Limited के पत्रांक–शून्य, दिनांक–03.09.2026 द्वारा दिए गए आपत्ति को उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में अमान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक–2626, दिनांक–28.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–27.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये असफल के निर्णय को यथावत रखा जा सकता है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार (i) Chanakya Technos Pvt. Ltd. के पत्रांक–CTPL/2026-27/RCD/78, दिनांक–03.09.2026 एवं (ii) Saj Infracon Project India Limited के पत्रांक–शून्य, दिनांक–03.09.2026 के द्वारा गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) 05 (पाँच) निविदाकार यथा (i) M/s R.S Construction Pvt. Ltd को MBD के ITB Clause -17 एवं NIT के क्रमांक–18 (ii) Chanakya Technos Private Limited को MBD के Section 3 Clause 1.2.3 एवं MBD के Section 3 Clause 1.2.3 Section 4E.9 तथा NIT के क्रमांक–39 (iii) Saj Infracon Project India Limited को MBD के Section 3 : Clause 2.6 (iv) M/s Rajendra Singh and Brothers को MBD के ITB Clause -17 एवं NIT के क्रमांक–18 तथा (v) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. को MBD के Section 3 : Clause 2.6 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता हैं।

(iii) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–2626 दिनांक–28.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–27.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

14/09/2026 14/9/26 14/9/26

(संजय कुमार भारती) मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(राजेश कुमार गुप्ता) मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(रिक्त) संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(उमा कान्त रजक) अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–172/2026 6565(E) पटना, दिनांक 16/9/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

14/9/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।

05